आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सरकार द्वारा निरंतर अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि विभिन्न विभागों में कुछ पदों को समाप्त किए जाने की सूचनाएं तथ्यों पर आधारित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न विभागों में पिछले कई वर्षों से अनेक पद कार्यशील नहीं है और उन पदों का वर्तमान आवश्यकताओं के आधार पर पदनाम बदला जा रहा है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि विभिन्न विभागों में जो पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं और जिनकी कोई प्रासंगिकता नहीं है उनकी जगह नए पद सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में 19 हज़ार से अधिक पदों को भरने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पदनाम बदलना और नए पद सृजित करना निरंतर चलने वाली विभागीय प्रक्रिया है जिसे समय–समय पर विभाग पूरा करते हैं।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार व्यवस्था परिवर्तन की जगह व्यवस्थाओं का पतन कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच लाख नौकरियां देने की गारंटी दी थी लेकिन इसके विपरीत डेढ़ लाख से अधिक पदों को खत्म कर बेरोजगारों के साथ धोखा किया है। जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर तंज करते हुए कहा कि प्रदेश में पलटू राम की सरकार चल रही है और अधिसूचनाओं पर लीपापोती कर ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार को जीरो परफॉर्मेंस वाली सरकार करार देते हुए कहा कि कांग्रेस ने जो वायदे किए थे उसके विपरीत ही काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद हर चीज को बंद करने का काम किया है और दो साल में नौकरियां देने के मामले में सरकार अलग–अलग आंकड़े पेश कर रही है।

कर्मचारी महासंघ

इस बीच प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने भी सरकार के खाली पड़े पदों को समाप्त करने के फैसले पर हैरानी जताई है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार के फैसले लोगों को राहत देने के बजाए प्रताड़ित करने वाले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने आस–पास अच्छे सलाहकार रखने चाहिए और इस तरह के फैसले लेने से पहले कर्मचारी  नेताओं से भी बातचीत करनी चाहिए। वीरेन्द्र चौहान ने बिजली बोर्ड में 51 पदों को समाप्त करने और 81 चालकों को नौकरी से निकालने के फैसले को भी दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शैक्षणिक व्यवस्था में मानवीय मूल्यों के समावेश और विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने पर बल दिया है। राज्यपाल आज तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर आयोजित नेतृत्व विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया गया है और इसके लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों में भारतीय मूल्यों को स्थापित करके ही देश और समाज के लिए आदर्श नेतृत्व विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में रोजगारपरक शिक्षा भी आवश्यक है, लेकिन नैतिकता व व्यावहारिकता में संतुलन बनाकर हम नई पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। राज्यपाल ने नेतृत्व विकास कार्यक्रम के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर शशि कुमार धीमान सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति व पूर्व कुलपति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित

किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

डीसी कुल्लू

कुल्लू ज़िले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज़िला दंडाधिकारी तोरूल एस. रवीश ने ज़िले के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई तौर पर रह रहे प्रवासी श्रमिकों, रेहड़ी–फड़ी व फेरी वालों सहित अन्य बाहरी कामगारों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के तहत आदेश जारी करते हुए ज़िला दंडाधिकारी ने उद्यमियों, कारोबारियों, ठेकेदारों, किसानों और अन्य लोगों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कामगारों का फोटो सहित पूरा विवरण देकर नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण सुनिश्चित करें।

नमस्कार।